॥ राधे राधे॥

सारी दुनिया कहती है
हार मान लो लेकिन
दिल धीरे से कहता है
एक बार और कोशिश कर
तूं जरूर कर सकता है!

# दौसा गजट

॥ राधे राधे॥

दौसा गजट समाचार पत्र के संवाददाता बनने व एजेंसी लेने हेतु सम्पर्क करें :- गुलाब निवास, गुरूद्वारे के पास, जयपुर रोड़, दौसा

जयपुर, बांदीकुई, बालाजी, महवा, टोडाभीम, हिण्डौनसिटी, गंगापुरसिटी, श्रीमहावीरजी, बयाना, सवाईमाधोपुर, करौली में प्रसारित dausagajat121@gmail.com

वर्ष 33 अंक :302 | दौसा गुरुवार,20 मार्च , 2025 | दैनिक प्रातः कालीन | RNI NO: 54667/92 | पृष्ठ 6 मूल्य : 1रु.

## न्यूज़ इनबॉक्स

### सड़क गुणवत्ता नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं पर दी जानकारी



**दौसा।** राजेश पायलट पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सड़क गुणवत्ता नियंत्रण यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रभावी प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और नवीनतम तकनीकों एवं विधियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण विभाग दौसा के अधीक्षण अभियंता जगराम मीना ,अधिशासी अभियंता आशीष गोयल एवं सहायक अभियंता ऋषिकेश मीना ने सड़क गुणवत्ता नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।,एवं सड़क गुणवत्ता रैली के बारे में जानकारी दी ।

कार्यक्रम का आयोजन सिविल विभाग के विभागाध्यक्ष हेमन्त कुमार वर्मा,प्रवक्ता अवधेश नाटाणी ने किया ।

## केम्पस् प्लेसमेन्ट में 51 विद्यार्थियों का हुआ चयन



**दौसा।** राजेश पायलट राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, दौसा में बुधवार को कृष्णा मारूति लिमिटेड, गुरूग्राम एवं सोनीपल द्वारा केम्पस प्लेसमेन्ट आयोजित किया गया। महाविद्यालय के यांत्रिकी, विद्युत, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं कम्प्यूटर अभियांत्रिकी शाखा के 92 विद्यार्थियों ने केम्पस् में भाग लिया, जिसमें से 51 विद्यार्थियों का चयन हुआ। उक्त कैम्पस में कम्पनी के प्रतिनिधि राजीव काफले, मनीष कुमार द्वारा विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र वित्तरित किये गये। महाविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी विजय भारतीय, राजेश कुमार मीना एवं अनिल कुमार शर्मा के अथक प्रयासों से कैम्पस प्लेसमेन्ट आयोजित हुआ। संस्थान द्वारा एक ही कैम्पस में संस्थान के 51 विद्यार्थियों का चयन करवा कर एक नया कीर्तिमान रचा गया। प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा एवं आईआईआई सेल टीम द्वारा कृष्णा मारूति लिमिटेड, गुरुग्राम एवं सोनीपथ का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### यंग प्रोफेशनल कार्यक्रम के अन्तर्गत 28 मार्च तक करें ऑनलाईन आवेदन

**सवाईमाधोपुर।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों का विभिन्न माध्यमों से व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार में युवाओं को अनुभव प्रदान करने एवं सहयोग लेने की दृष्टि से यंग प्रोफेशनल कार्यक्रम 2025 के अन्तर्गत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में यंग प्रोफेशनल (हिन्दी)-6 पद एवं यंग प्रोफेशनल (अंग्रेजी)-4 पद के लिए प्रतिभाशाली युवाओं से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव सुनील शर्मा ने बताया कि यंग प्रोफेशनल कार्यक्रम 2025 की अवधि 1 वर्ष है। इच्छुक और प्रतिभाशाली पात्र युवा 19 मार्च से 28 मार्च, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन पत्र व शैक्षणिक, तकनीकी एवं अनुभव संबंधी दस्तावेजों की एक पीडीएफ बनाकर ईमेल estt.dipr@rajasthan.gov.in पर भिजवाना होगा एवं इसकी प्रति ऑफलाइन मोड में विभागीय पते पर प्रेषित करनी होगी। आवेदन पत्र, पात्रता मानदण्ड, चयन की प्रक्रिया आदि सम्पूर्ण विवरण विभागीय वेबसाइट www.dipr.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**दौसा।** जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 मार्च, गुरूवार को प्रातः 11 बजे से यहां जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष मेंऋ आयोजित की जाएगी। सहायक निदेशक लोकसेवाएं एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट मनमोहन मीना ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में आमजन की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया जाएगा। उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी संबंधित ब्लॉक के सूचना प्रौद्यागिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे।

### दौसा जिला स्थापना दिवस पर 10 अप्रेल को होंगे विभिन्न कार्यक्रम

# अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विभिन्न आयोजनों की जिम्मेदारी तय कर तैयारियां करने के दिए निर्देश



**दौसा।** दौसा जिला स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 10 अप्रेल को जिला मुख्यालय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर रामस्वरूप चौहान ने इस संबंध में बुधवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न आयोजनों की जिम्मेदारी तय कर तैयारियां शुरु करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर रामस्वरूप चौहान ने बताया कि दौसा जिले की स्थापना 10 अप्रेल 1991 को की गई थी, जिसके उपलक्ष्य में आगामी 10 अप्रेल को स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्थापना दिवस पर फुटबॉल मैच, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने इनके सफल आयोजन के लिए समितियों का गठन कर अधिकारियों को तैयारियां शुरु करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर के निर्देशन में संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र कुमार मीणा, जिला कोषाधिकारी रामचरण मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### शांति भंग करने पर 6 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार



**हिंडौन सिटी( दौसा गजट )।** थाना कोतवाली हिंडौन सिटी के एएसआई रामखिलाडी मय जाप्ता द्वारा शांति भंग करने पर 1. श्रीकान्त खोखड पुत्र रामसिंह जाति मीना निवासी हुडला थाना महुवा जिला दौसा 2. राजवीर सिंह पुत्र विजेन्द्र सिंह जाति गुर्जर निवासी पीली कोटरी सहदपुर थाना महुवा जिला दौसा 3. गौरव खोखड पुत्र रामहंस जाति मीना निवासी हुडला थाना महुवा जिला दौसा 4. भगवानसहाय पुत्र पप्पूराम उम्र जाति बैरवा निवासी गंवारकी थाना महुवा जिला दौसा एवं थाना कोतवाली के एसआई हीरा सिंह द्वारा शांति भंग करने पर चन्द्रेश पुत्र देशराज जाति ब्राहमण निवासी चेतराम कॉलोनी हिण्डौन एवं हिमांक पुत्र हरीओम जाति पंजाबी निवासी टीकाकुण्ड हनुमान जी मंदिर बयाना रोड हिंडौन सिटी को धारा बीएनएनएस में गिरफतार किया जाकर न्यायालय एसडीएम के समक्ष पेश किया गया है।

## तीन दिवसीय हार्ट फुलनेश मेडिटेशन शिविर का हुआ आयोजन



**दौसा।** श्री पुष्पेश्वर महादेव मंदिर, मारुति कॉलोनी में तीन दिवसीय हार्ट फुलनेस मैडिटेशन श्री रामचंद्र मिशन एवं श्री पुष्पेश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में लग रहा है।

इस मैडिटेशन शिविर में आज तीसरे दिन प्रशिक्षक रामगोपाल शर्मा ने बच्चों, युवा वृद्ध तथा माता बहनों को हार्टफुलनेस मेडिटेशन करवाया व उसके बारे में बताया कि इसके करने से चित्त शांत रहता है। सकारात्मक सोच का निर्माण होता है। नींद अच्छी आती है और विद्यार्थियों की बुद्धि तीव्र होती है। मीडिया प्रभारी कवि कृष्ण कुमार सैनी ने बताया कि आज अंतिम दिन इस शिविर में समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी, कोषाध्यक्ष राधा गोविंद शर्मा, संगठन मंत्री बृज किशोर तिवारी, कल्याण सहाय सैनी अमीन, सत्यनारायण गुप्ता, संरक्षक मूलचंद सैनी, राहुल सैनी, महिला मंडल अध्यक्ष आशा गर्ग, शांति सैनी, भगवान सहाय सैनी बनियाना वाले, शिवम, आशीष, रोशनी, गोविंद आदि उपस्थित रहे।

यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी कवि कृष्ण कुमार सैनी ने दी।

## यूनतम पेंशन को एक हजार रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 5 हजार रुपये करने की मांग को लेकर जिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**दौसा।** अखिल भारतीय मज़दूर संघ के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत कर्मचारी पेंशन योजना-95 (ईपीएस-95) के अन्तर्गत मिलने वाली न्यूनतम पेंशन को एक हजार रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 5 हजार रुपये प्रति माह किये जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर जिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।





भारतीय मज़दूर संघ के जिला मंत्री महेश कुमार शर्मा ने कहा कि ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना-95 के तहत मिलने वाली न्यूनतम पेंशन राशि सन 2014 से 1000 रुपये प्रति माह घोषित की गई थी, जिसे 2014 से अब तक की मुद्रास्फीति की दर एवं वर्तमान महंगाई को ध्यान में रखते हुए बढ़ाकर न्यूनतम पेंशन 5000 रुपये प्रति माह किया जाना चाहिए।


जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ के डिस्कॉम महामंत्री हेमन्त कुमार त्रिवेदी ने कहा कि कर्मचारी पेंशन योजना-95 (ईपीएस-95) के अन्तर्गत मिलने वाली न्यूनतम पेंशन को 5000 रुपये प्रति माह किया जाकर अंतिम तौर पर वेतन का 50 प्रतिशत + महंगाई राहत पेंशन का भुगतान किया जावे एवं ईपीएफ की वेतन सीमा 15000 रुपये से बढ़ाकर 30000 रुपये और ईएसआईसी की वेतन सीमा 21000 रुपये से बढ़ाकर 42000 रुपये की जावे। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक सम्पत्ति की बिक्री पर तत्काल रोक लगायी जावे।

राजस्थान आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ की प्रदेश महामंत्री पूजा चौधरी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्मिकों को सरकारी कर्मचारी घोषित किया जावे और जब तक नहीं किया जाता तब तक 18000 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जावे। सभी मानदेय कर्मियों को समान कार्य का समान वेतन दिया जावे एवं आंगनबाड़ी कार्मिकों को सेवानिवृत्ति पर एक मुस्त 5 लाख रुपए दिए जावे।

इस अवसर पर भारतीय मज़दूर संघ, राजस्थान प्रदेश के संभाग संगठन मंत्री (जयपुर संभाग) राजेन्द्र विजय, जिला अध्यक्ष राजेश मीना, निवर्तमान जिला महामंत्री अनूप शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापत, जिला प्रचार मंत्री राकेश कुम्भकार, जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ दौसा वृत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण वशिष्ठ, दौसा शहर उपखण्ड महामंत्री पवन जाँगिड़, वरिष्ठ कार्यकर्ता सागर मल, दीपक जाँगिड़, शीला जाँगिड़, मंजू गुप्ता, गीता गुर्जर, नीतू गुर्जर, कृष्णा, शकुंतला, कलावती, विजय, संपूर्णा शर्मा, जारा बानो, मंजू चौहान, उर्मिला शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

## विधायक राजेंद्र मीणा विधानसभा में उठाई जेजेएम की अनियमितताओं की गूंज, सरकार से की त्वरित कार्रवाई की मांग

**महुवा ।** राजस्थान विधानसभा में महुवा विधायक राजेंद्र मीणा ने अपने क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना में हो रही अनियमितताओं और जल संकट को लेकर जोरदार तरीके से मुद्दा उठाया। उन्होंने विधानसभा में स्पष्ट रूप से कहा कि महुवा विधानसभा क्षेत्र में पानी की भयावह समस्या बनी हुई है, जिससे न केवल आमजन, बल्कि मवेशी भी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। लोग पानी के लिए टैंकरों



पर निर्भर होने को मजबूर हैं, जो कि सरकार की हर घर नल से जल योजना की विफलता को उजागर करता है।

विधायक राजेंद्र मीणा ने सदन में बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान जल जीवन मिशन योजना में महुवा विधानसभा क्षेत्र मेंभयंकर अनियमितताएँ हुईं, जिससे वहाँ के कार्य अधूरे रह गए और योजना के नाम पर केवल चहेतों को लाभ पहुंचाया गया। आमजन जिनके घरों में पानी की सबसे ज्यादा जरूरत थी, वे अब भी इस योजना से वंचित हैं। उन्होंने पूर्व की कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर घर जल पहुंचाने का सपना महुवा में कांग्रेस शासन में हुए भ्रष्टाचार के चलते ध्वस्त हो रहा है" और यदि इसे जल्द नहीं सुधारा गया तो यह महुआ विधानसभा क्षेत्र कीजनता के साथ सीधा अन्याय होगा।

महवा विधायक राजेंद्र मीणा ने जलदाय मंत्री से महुवा विधानसभा क्षेत्र मेंतत्काल प्रभाव से जल जीवन मिशन के तहत बंद पड़े कार्यों को पुनः शुरू करवाने और उन घरों तक जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की, जो अब तक इस योजना से वंचित रह गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को इस योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि पानी जैसी बुनियादी जरूरत किसी भी नागरिक के लिए एक संघर्ष न बने।

उन्होंने जलदाय मंत्री से जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई करने की अपील की ताकि महुवा क्षेत्र में जल संकट का स्थायी समाधान निकाला जा सके और हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँच सके जिससे आगामी गर्मी में पेयजल की समस्या का आमजन को स्थाई ने समाधान हो सके।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डाक कर्मचारीयो का किया जाएगा सम्मानः डाक अधीक्षक



**दौसा।** भारतीय डाक विभाग में मंगलवार को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा शिविर का आयोजन किया जा गया। जिसमें डाक कर्मचारीयो ने सरकारी कार्यालयों व घर घर जाकर करीब 50 करोड़ का बीमा कर करीब 11 लाख रुपए का प्रीमियम हासिल किया जयपुर देहात मण्डल के डाक अधीक्षक हर्ष शर्मा ने बताया की मंगलवार को प्रधान डाकघर दौसा, सहित भाण्डारेज दुब्बी कुण्डल, सैंथल, गुढ़ा कटला बस्सी , बस्सी चक आदि डाकघरों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक डाक जीवन बीमा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे डाक कर्मचारीयो ने करोड़ों रुपए का बीमा कर 11 लाख रुपए का प्रीमियम हासिल किया में उन सभी डाक कर्मचारीयो का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दौसा प्रधान डाकघर का नाम रोशन किया है। सहायक डाक अधीक्षक ललित मीणा ने बताया की डाक जीवन बीमा व ग्रामीण डाक जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहीद भाई डाक सेवक प्रधान डाकघर दौसा ने 1 लाख 14 हजार का प्रथम प्रीमियम हासिल किया,उप पोस्ट मास्टर कुण्डल हनुमान सहाय मीणा ने 1 लाख तैंतीस हजार का प्रथम प्रीमियम हासिल किया संतोष कुमार मोर्य सैंथल ने 67 हजार का प्रथम प्रीमियम हासिल किया, शाखा डाकपाल कालोता हरपाल सिंह 67 हजार का प्रथम प्रीमियम हासिल किया गोपाल लाल मीणा भांडारेज ने 52 हजार का प्रथम प्रीमियम हासिल किया यह हमारे 18 मार्च को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डाक कर्मचारी हैं। जिन्होंने करोड़ों रुपए का बीमा कर अच्छा प्रीमियम हासिल किया है उन्होंने बताया की इनका डाक अधीक्षक द्वारा इनका सम्मान किया जाएगा।

# हत्या के मामले में एसटी/एससी सेल ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को किया गिरफ्तार

**दौसा।** लालसोट पुलिस थाने में दर्ज हत्या के मामले में एसटी/एससी सेल ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

16 अप्रैल 2024 को कुन्जीलाल पुत्र जमनालाल मीना निवासी निर्झरना हाल निवासी तलावगांव का भाई लोकेश गुजरात में करीबन 3 साल से काम कर रहा है।



लोकेश को उसका मामा मनोज उर्फ गीला पुत्र धांधूराम मीना निवासी बूढला महाराजपुरा ने काम पर लगाया था। लोकेश नानी की मृत्यु हो जाने पर मनोज उर्फ गीला के साथ गुजरात से फरवरी 2024 को नानी के गांव आये तथा 7 अप्रेल को लोकेश व मनोज उर्फ गीला दोनों ही वापस गुजरात चले गये।

काफी दिनों तक छुट्टी पर रहने के कारण कम्पनी ने लोकेश को नौकरी से निकाल दिया। इसके पश्चात मनोज उर्फ गीला गुजरात से 10 अप्रेल 2024 को अपने घर आ गया और लोकेश 10 अप्रेल 2024 को शाम को गुजरात से ट्रेन में बैठकर अपने घर पर आ रहा था। 11 अप्रेल 2024 को सुबह 11 बजे से लोकेश को मनोज उर्फ गीला निवासी बूढला महाराजपुरा और मनोज उर्फ गीला का साला धर्मेन्द्र पुत्र बबलू निवासी नारौली और इनके अन्य साथी ने मिलकर लोकेश का किडनेप कर लिया। किडनेप सवाई माधोपुर या बीच रास्ते में या लालसोट से किया गया है। इसका पूरा शक मनोज उर्फ गीला पर ही है। लोकेश इसके साथ जब से काम कर रहा है। जब से पूरे पैसै भी मनोज को दे रखा है। पुलिस अपहरणर्ता लोकेश कुमार मीना व अपहरणकर्ता मनोज उर्फ गीला मीना की तलाश में खुर्रा थाना मण्डावरी पहुंची। जहां पर प्रकरण मनोज उर्फ गीला मीना मौजूद मिला। मुल्जिम मनोज कुमार उर्फ गील्या को गिरफतार किया गया था।

जिसने पुलिस हिरासत में थाना लालसोट के हवालात में आत्महत्या कर ली। मुल्जिम धर्मेन्द्र कुमार मीना ने भी 19 अप्रैल 2024 को रेल्वे स्टेशन जगतपुरा के पास ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने मोबाइल की सीडीआर चेक की। मुल्जिम लखनसिंह व अरुण की गिरफ्तारी के लिये एसपी द्वारा 10-10 हजार रुपये का पुरस्कार देने के आदेश दिए। आरोपियों की तलाश के लिए सवाईमाधोपुर, दौसा, जयपुर में करीब 500 सीसीटीवी चेक किये गये। सभी फुटेज चेक कर आरोपियों को मलारणा मोड़ बाडोती से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने लखनसिंह पुत्र दीवानसिंह मीना निवासी नारोली चौड थाना बाटोदा जिला सवाई माधोपुर व

अरुण उर्फ गोलू पुत्र हंसराज मीना निवासी टोण्ड थाना मलारना डूंगर जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में डीएसपी मनोहर लाल मीणा, रामजीलाल, लहरी लाल, बन्नै सिंह थे।